हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

14 बागबाहरा के मंडी प्रांगण में आयोजित होगा विश्व ...



14 देश की एकता के लिए समर्पित रहा प्रखर...





## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर महिला पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रही एक महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद वीरेंद्र नगर वार्ड नंबर 02 सरायपाली में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रही पूर्णिमा सहिस पति रामप्रसाद सहिस (28 वर्ष) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### मारपीट के आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जीवनराखन बघेल निवासी वार्ड क्र 09 शिलापडेरा बागबाहरा ने बताया कि 7 जुलाई को सुबह नौ बजे निशा खान की दुकान में साफ सफाई कर रहा था, उसी समय अर्जुन और विनोद एवं उसके एक अन्य साथी दुकान अंदर में आए और डिस्पोजल गिलास, पानी पाऊच मांगा, इस पर उसने कहा कि कमरे में सामान है उसमें ताला लगा है और चाबी मेरे पास नहीं है। इस बात पर तीनों ने आक्रोशित होकर डंडे एवं वहां पर रखे पौवा शीशी से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक से 30 हजार का डीजल चोरी

**महासमुंद।** ट्रक से डीजल चोरी के मामले में सरायपाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दौलतराम अग्रवाल के ट्रक की टंकी से किसी अज्ञात व्यक्ति ने करीब 300 लीटर डीजल कीमत 30000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि 28 जून की शाम 6 बजे उसका ड्रायवर रंजित ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएम 5772 को उसकी दुकान बंसल आटो पार्टस बैतारी के सामने एनएच 53 रोड में खड़ा कर खाना खाकर ट्रक में ही सो गया था। अगले दिन 29 जून की सुबह सुबह 4 बजे ड्रायवर सोकर उठा व देखा कि ट्रक के डीजल टंकी में लगा ताला टूटा हुआ था एवं उससे करीबन 300 लीटर डीजल कीमत 30000 रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# समितियों में उठाव होने से बचे धान को बारिश से बचाने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शत प्रतिशत धान का उठाव नहीं हो पाने के कारण बीते साल खरीफ सीजन का 9 हजार क्विंटल धान अब भी समितियों और धान फड़ों में पड़ा है। एक तरफ समितियां सूखत के चलते हुए नुकसान से चिंतित है वहीं जहां धान शेष है उनक समितियों के सामने इस बचत धान को बारिश से बचाने की भी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 182 उपार्जन केंद्रों से 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार अभी भी जिले में 9521.88 क्विंटल उठाव शेष है। इधर, उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव में देरी से सूखत के चलते शार्टेज होने पर समितियां नुकसान होने की बात कह रही हैं। खरीदी केंद्रों में लेखा मिलान को लेकर निर्देश जारी किए गए थे। फिर भी अधिकारियों ने ज्यादा रुचि नहीं ली। इस मामले में कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी और जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को नोटिस जारी किया है।

**बीते साल का 9 हजार क्विंटल धान अभी भी समितियों में, अब समितियों को बारिश से परेशानी**

**हर साल शार्टेज**

धान खरीदी केंद्रों में देरी से उठाव होने की वजह से शार्टेज की समस्या हर साल देखने को मिलती है। समिति संघ के पदाधिकारी सूखत की समस्या से चिंतित भी रहते हैं। धान का उठाव 72 घंटे के भीतर किया जाना चाहिए। इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है।



**मिलर्स की हड़ताल के चलते हुई थी देरी**

मिलर्स की हड़ताल के चलते इस वर्ष उठाव भी देर से हुआ था। जिसके कारण धान रखने में भी समस्या आई थी। सहकारी समितियों ने पहले ही धान शार्टेज या सूखत आने की समस्या को लेकर ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा गया। सहकारी समितियों के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मामले को लेकर आगे रणनीति बनाई जाएगी। जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में लगभग 153281 किसानों से 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। धान खरीदी 14 नवंबर से 31 जनवरी तक की गई थी। 2024-25 में 2023-24 के मुकाबले कम धान खरीदी की गई थी।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अब तक 36 उपार्जन केंद्रों का ही लेखा मिलान हुआ है। सहकारी समिति संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सहकारी समितियों में आई सूखत की क्षतिपूर्ति का भुगतान शासन की ओर से किया जाना चाहिए। परिवहन विलंब के चलते सहकारी समितियों में शार्टेज की मात्रा बढ़ी है। इधर, उठाव नही होने वाली समितियों में बारिश से धान को सुरक्षित रखने की भी नही जिम्मेदारी सामने हैं।

डीएमओ टिकेंद्र राठौर ने बताया कि लेखा मिलान का कार्य किया जा रहा है। धान के उठाव के संबंध में नोडल अधिकारी बताएंगे। जिला सहकारी बैंक नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि इस पर आगे कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर की जाएगी।

**बारिश :** जिले में बारिश लगातार पिछले 36 घंटे से जारी, बन गए बाढ़ के हालात

# लगातार बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित नदी-नालों का बढ़ा जलस्तर, बाढ़ का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय सहित समूचे अंचल में बारिश लगातार पिछले 36 घंटे से जारी है। इसके चलते जनजीवन थम गया है। शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थित और ग्रामीण इलाके में ग्रामीण खेती किसानी में सक्रिय हैं। मजदूरों के सामने यह समस्या है कि खेतों में ज्यादा पानी होने के कारण रोपा लगाने काम सीजन होने के बाद भी नहीं कर पा रहे। तगड़ा सिस्टम बनने से शनिवार रात से शुरू हुई पारिश सोमवार देर रात तक जारी रहा जिसके कारण पूरा जिला तरबतर हो गया है।

लगातार हो रही बारिश से जिले के छोटे बड़े नदी, नालों का जलस्तर बढ़ने लगा है। वहीं छोटे नालों में पानी लबालब चलने जैसी स्थिति बन रही। अगले 24 घंटे तक और बारिश जारी रही तो नदी-नाले उफान में आ सकते हैं। शनिवार रात और रविवार को दिनभर एवं सोमवार को सुबह से बारिश होने से आम जीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। जिला मुख्यालय में मुख्य मार्ग पर पानी जमा हो गया। लोग घरों में कैद होकर रह गए। यही हाल शहर में कई वाडों में देखने को मिला। सुबह से हो रही बारिश के चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। शहर में सोमवार सुबह से हो रहे बारिश के चलते सफाई कर्मी घरों से कचरा नहीं उठा पाए।



**चिंगरौद-बम्हनी नाले का जलस्तर बढ़**

जिले में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर लगातार बारिश हो रही है। बारिश के चलते चिंगरौद – बम्हनी के बीच सितली नाले का जलस्तर बढ़ गया है। इस नाले में बाढ़ जैसे हालात हैं। इस नाले में बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इस वजह से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। राहगीर अपनी जानजोखिम में डालकर नाल पार कर रहे है।



**खेती-किसानी का काम ठप**

अंचल में पिछले दिनों से हो रहे लगातार बारिश के चलते खेती किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। अभी ग्रामीण इलाकों में धान रोपाई ने जो पकड़ा लेकिन बारिश अब आफत साबित हो रही है। खेतों में आवश्यकता से अधिक पानी भर जाने से किसान घर में बैठने मजबूर है, वहीं मजदूरों को घर चलाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**गंदगी एवं कीचड़ बनी आफत**

कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्र की कच्ची सड़कें कीचड़ से भर गई हैं। ग्राम बम्हनी के कमलेश साहू, राकेश साहू, बल्लू साहू ने बताया है गांव के लगभग 500 मीटर की कच्ची सड़क कई सालों से खराब पड़ी हुई है। जिसमें अब बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए हैं इतना ज्यादा कीचड़ है कि साधन तो दूर की बात लोग पैदल भी नहीं निकल पाते इस रास्ते से लोग रोजाना खेतों में काम करने जाते है।



**सर्वाधिक वर्षा पिथौरा तहसील में 290.6 मिलीमीटर**

जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 249.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 290.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 282.15 मिलीमीटर, महासमुंद में 249.8 मिलीमीटर, बसना में 239.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 234.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 199.5 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। सोमवार को जिले में 49.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 75.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 54.1 मिलीमीटर, बसना में 50.6 मिलीमीटर, महासमुंद में 48.0 मिलीमीटर, कोमाखान में 37.3 मिलीमीटर एवं बागबाहरा तहसील में 33.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।



**परसदा-कौंदकेरा नाला उफान पर**

जिले में लगातार हो रही बारिश के साथ ही खेत-खलिहान पानी से सराबोर है। वहीं नदी-नाले भी उफान पर है। जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले तुमगांव मार्ग पर ग्राम पररसदा और कौंदकेरा के बीच नाला भी उफान पर है। यहां पुल से करीब 2-3 फीट ऊपर पानी बह रहा है। नाले का जलस्तर लगातार बढ़ता रहा। जहां राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर नाला को पार करते दिखे। लेकिन, असुरक्षित आवागमन को रोकने कोई तैनाती नजर नही आई।

**यलो अलर्ट पर जिला :** मौसम विभाग ने प्रदेशभर में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और बाकी क्षेत्रों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, सरगुजा जिले में आरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

### जानवरों के शिकार के लिए बिछाए करंट तार में फंसकर अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जंगल में मिली लाश अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम लंबर के पास जंगल में जानवरों को पकड़ने के लिए बिछाए गए बिजली तार के संपर्क में करंट से एक व्यक्ति की मौत हो ग ई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम डोंगरीपाली निवासी चैतन सिंह (47) का दो दिन पूर्व स्वास्थ्य खराब था। उन्हें सोहन सिंह ईलाज के लिए विगत 8 जून की शाम लंबर ले जा रहा था। इस बीच लंबर के पहले पूर्व सरपंच निर्मल जाटवर की ब्रिक्स फैक्ट्री के पास पैसा मांगने के लिए उतरा, तभी चैतन वहीं से जंगल की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। आसपास पता तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला दूसरे दिन 9 जून को परिजन व गांव के लोगों ने लंबर के पास धनराज जंगल में पुनः उसकी तलाश की, जहाँ मृतक का शव छाती के बल पर पड़ा मिला। मृतक के दाहिना पैर के टखना के पास और बायें पैर के घुटना के नीचे की हड्डी जली हुई पाई गई।

अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगल में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट युक्त तार की चपेट में आने से चैतन सिंह की मृत्यु हुई होगी। बताया जाता है कि चैतन मानसिक रूप से भी अस्वस्थ था। वहीं पीएम रिपोर्ट में भी डाक्टरों ने उनकी मृत्यु करंट से होना लेख किया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### पहाड़ी के पास मिली युवक की लाश

पटेवा थाना क्षेत्र के छछान पहाड़ी के पास युवक की लाश मिली है। पटेवा थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम थांगनपुर (थरगांव) निवासी शीतकुमार बरिहा (25-30) की लाश मिली है। उनके मानसिक रुप से कमजोर होने की जानकारी मिली है। प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना प्रतीत हो रहा है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद युवक के बारे में पता चल पाएगा। मामले की विवेचना जारी है।

# एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रमः जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत स्काउट गाइड संघ द्वारा प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले के स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण परिसर (डीईओ कार्यालय) में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम की भावना के साथ सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्काउट गाइड के सदस्यों ने बेल, नीम, कदंब के पौधे लगाए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, राकेश चंद्राकर, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, पूर्व डीईओ एस. चंद्रसेन सहित स्काउट गाइड स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि पौधरोपण से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होती है, बल्कि यह हमारी अगली पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री जी का यह बहुत बड़ा अभियान है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हमें इसे जन आंदोलन का रूप देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें पेड़ को संरक्षित करना और उसका पालन-पोषण भी करना चाहिए। जब पेड़ सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उन्हें संरक्षित रखने का आह्वान किया। कलेक्टर विनय लंगेह ने भी वृक्षों के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि हमें विकास के साथ पर्यावरण की भी चिंता करनी चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी। साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर रिचार्जिंग और घरों में सोखता गड्ढा बनाना आवश्यक है। पानी बचाकर ही हम आने वाले समय को सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से पौधरोपण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।



**शहर समेत आसपास शिवालयों में सावन महोत्सव की तैयारी शुरू**

# इस बार सावन में चार सोमवार, बन रहे विशेष योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के शिव मंदिर समेत क्षेत्र के प्रसिद्ध बम्हनेश्वरनाथ महादेव, सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव एवं कनेकेरा स्थित कनकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन महोत्सव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रत्येक सावन सोमवार को विशेष योग बन रहे है। मान्यतानुसार इन शुभ संयोगों में भगवान आशुतोष की पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को अभीष्ट फल की प्राप्ति होगी। 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो रहा है। इस सावन महीने में 4 सोमवार पड़ रहे हैं। पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। इस दिन गजकेसरी योग और संकष्टी चतुर्थी है। दूसरे सोमवार 21 जुलाई को सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और बुधादित्य योग में बन रहा है। तीसरे सोमवार 28 जुलाई को रवि योग तथा चौथे सोमवार 4 अगस्त को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है।

सावन महोत्सव को लेकर प्रसिद्ध बम्हनेश्वरनाथ महादेव, सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव एवं कनेकेरा स्थित कनकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में तैयारी शुरू हो गई है। बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पुजारी ने बताया कि श्रवण मास भगवान शिव का माह होता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्वेतगंगा बम्हनेश्वर नाथ धाम बम्हनी में देवाधिदेव महादेव का श्रावणी पूजन, रुद्राभिषेक, श्वेतगंगा आरती का मासिक आयोजन दिनांक 11 जुलाई 2025 से 9 अगस्त 2025 तक संपन्न होगा, श्रावणी पूजन प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक गंगा आरती प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा।



**हर शनिवार शहर में मेले जैसा माहौल**

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बम्हनी में स्थित प्रसिद्ध महादेव मंदिर से कांवरिया जल लेकर शहर से होते हुए सिरपुर एवं कनेकेरा के महादेव मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए जाते है। शहरवासी पंडाल लगाकर उनका स्वागत करते है भंडारे का भी आयोजन करते है। शहर में जगह-जगह भक्तिमय भजनों का अयोजन होता जिससे शहर में दिन से लेकर देर रात तक मेले जैसा माहौल बना रहता है।

# जांच में सामने आई बड़ी गड़बड़ी, 37 क्विंटल से अधिक चावल कम पाया

**बसना।** ग्राम सिरको में राशन वितरण में भारी अनियमितता को लेकर 4 जुलाई को प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला। शनिवार 5 जुलाई को खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर दिव्यांशु देवांगन ने गांव का दौरा कर राशन दुकान का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की गई, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वेरिफिकेशन के नाम पर गांव में बालू को तौलकर करीब 300 कार्डधारकों का सत्यापन किया गया था, जो नियम विरुद्ध है। साथ ही सत्यापन के समय ग्रामवासियों ने यह भी स्वीकार किया कि अधिकतर लाभार्थियों को प्रतिमाह 2 से 3 किलो तक चावल कम मिला है। फूड इंस्पेक्टर द्वारा तैयार पंचनामा में यह स्पष्ट हुआ कि दुकान में 37 क्विंटल 67 किलोग्राम चावल का शॉर्टेज पाया गया है। इसके अलावा राशन दुकान में शासकीय दिशा-निर्देशों की कोई जानकारी दीवार पर लिखी नहीं पाई गई, जो नियमानुसार अनिवार्य है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले एक माह का चना आज तक वितरित नहीं किया गया है। अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बकाया पेंडिंग है, अगले महीने मिलेगाऱ, परंतु ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला 6 महीने से लंबित है। गौरतलब है कि सिरको एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां इस प्रकार की राशन वितरण में गड़बड़ी गंभीर चिंता का विषय है। लगातार शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। अब देखने वाली बात यह होगी कि जांच के बाद दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है, और ग्रामीणों को उनका पूरा हक कब तक मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### नगरी ब्लॉक में सेना भर्ती प्रशिक्षण 11 से

- फिजिकल के साथ मेडिकल टेस्ट भी किया जाएगा

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में वनांचल ब्लॉक नगरी में 11 से 15 जुलाई तक पांच दिवसीय विशेष फिजिकल ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का संचालन भूतपूर्व सैनिकों एवं प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षकों द्वारा किया जाएगा, जो अपने अनुभव व दक्षता से अभ्यर्थियों को सेना भर्ती की शारीरिक परीक्षा के लिए तैयार करेंगे। इस शिविर में दौड़, लम्बी कूद, बीम, संतुलन अभ्यास, शरीर की लचीलापन क्षमता बढ़ाने के व्यायाम तथा अनुशासनात्मक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षकों द्वारा भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अहम पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण का समय प्रात 5:30 से 8 बजे तक है। इच्छुक युवक एवं युवतियों से अपील है कि वे समय पर डमकाडीह स्टेडियम नगरी में उपस्थित होकर इस निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ लें।

### अभाविप ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन

**नगरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरी के कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद वार्ड में स्थित विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। उन्हें नमन किया । विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रुपेश साहू ने कहा कि हमें विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वे हमेशा कहते थे कि युवा ही देश का भविष्य है और उनमें असीम क्षमता है। उन्होंने कहा उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। इस अवसर पर निखिल नेताम, थरुण निषाद, यश जैन, मुकेश संचेती, खिरभान देव, कुणाल साहू ,यश नाग, प्रशांत भट्ट, नोवल छाजेड़, प्रिंस सेन, नमन देवांगन, झनेश यादव, संजय यादव सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिनभर किसानी कार्य हुए प्रभावित, घरों में दुबके रहे लोग

# लगातार बारिश से जलमग्न हुए खेत-खलिहान





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

रविवार देर शाम से शुरू हुई बारिश लगातार जारी है। कई जगह खेत-खलिहान और रास्ते जलमग्न हो गए हैं। सोमवार को भी बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहा जिससे किसानी कार्य प्रभावित हुए। लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाये। सड़कों पर आवाजाही कम रही और लोग अपने-अपने घरों में दुबके बैठे रहे। वहीं अनेक जगह निर्माणाधीन सड़क कार्यों से पानी जाम की स्थिति बनी हुई है।

बीते 24 घण्टों से लगातार हो रही बारिश से कुरुद भखारा अंचल में 202.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू- अभिलेख शाखा से मिली जानकारी अनुसार कुरुद तहसील में सोमवार को 191.5 मिमी व भखारा में 202.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बारिश के चलते पूरे दिन किसानी कार्य प्रभावित रहा। मौसम खुलते ही क्षेत्र में रोपाई का कार्य तेजी पकड़ेगा। वहीं बारिश के चलते भारतमाला के तहत बन रही विशाखापट्टनम सड़क के ठेकेदारों की लापरवाही किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

#### पिछले वर्ष भी किसानों को हुई थी दिक्कत

किसान गोवर्धन, कुलेश्वर, गधेश्वर नगारची ने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी वजह से हमारी फसल प्रभावित हुई थी। इस बार भी बरसात से उनके खेत पूरी तरह जलमग्न हो गये हैं जिसकी वजह उन्हें दोबारा बुआई करानी पड़ेगी। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए अंडरब्रिज बनाया गया है, लेकिन अभी तक उसे किसानों के लिए प्रारंभ नहीं किया गया है। जिससे हमें एक खेत से दूसरे खेत जाने के लिए 1-2 किलोमीटर घूमना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों का नुकसान हो रहा है। वहीं राजस्व अधिकारी ने किसानों को मौका निरीक्षण उपरांत कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

#### बड़ा नाला वेस्टेज मटेरियल से भरा पड़ा

कुरुद राजिम मार्ग में स्थित ग्राम भरदा के किसान लेखराज चन्द्राकर, तुलसी साहू ने बताया कि भरदा ग्राम पंचायत कुहकुहा तहसील कुरुद अंतर्गत भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापट्टनम तक सड़क निर्माण किया जा रहा है जो कुरुद के कई गांव के बीच से गुजर रहा है। इसमें तय मापदंड का पालन नहीं होने से संबंधित क्षेत्र के किसान काफी परेशान हो रहे हैं। जो ब्रिज बनाया गया है, उसके नीचे बड़ा नाला है जिसमें भारत माला के ठेकेदार ने वेस्टेज मटेरियल भर दिया है, जिसके कारण पानी का बहाव रुक गया है। जिससे आसपास के पूरे खेत में पानी भर गया है।

## किसान जवान संविधान सभा में शामिल होने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रवाना



- छग सरकार की विफलता को कांग्रेस जनसभा के जरिए जनता तक पहुंचाएगी : नीशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में किसान जवान संविधान सभा का आयोजन हो रहा हैं जिसमें शामिल होने जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए। श्री चन्द्राकर ने कहा कि खरगे जी के दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ सरकार की विफलताओं को जनसभाओं के जरिए जनता तक पहुंचाएगी। आगे कहा कि हमारा मकसद जनता के मुद्दों को उठाना और सरकार की नाकामियों को बेनकाब करना है। इस दौरान मनोज साक्षी अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस धमतरी, राजेश चंद्राकर पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष धमतरी, राजेन्द्र देवांगन कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण धमतरी, प्रीतम साहू, ललित यादव, हितेश गंगवीर युवा कांग्रेस अध्यक्ष धमतरी विधानसभा, फललेश साहू, जितेंद्र साहू सरपंच सेनचुआ, पुनऊ निर्मलकर, सुखदेव ध्रुव, बालेश्वर नेताम, प्रेमाराम यादव, शोप सिंह निषाद, सुशील ध्रुव,पवन सेन, रविकुमार साहू धरम साहू, नारद साहू, चमन साहू, चंदू ध्रुव, आकाश रामटेके, ईश्वर शर्मा, तेजेंद्र यादव उपसरपंच छाती, निहाल सिंह पटेल, भोज लहरे, अमन मार्कण्डेय, सोहन कंवर, फलेंद्र मंडावी समेत बड़ी संख्या में किसान व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ठेकेदार की गिरफ्तारी नहीं होने से आदिवासी समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समझाइश के बाद अर्जुनी थाने का घेराव एवं एनएच चक्काजाम स्थगित



लीलर रेत खदान में कुछ दिन पूर्व ललित ध्रुव जवरगांव के साथ ठेकेदार अंकुर अग्रवाल एवं उनके साथियों ने जानलेवा हमला किया था। अंकुर की गिरफ्तारी नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज आक्रोशित है। समाजजनों ने पुलिस थाना अर्जुनी का घेराव एवं नेशनल हाईवे का चक्काजाम करने का निर्णय लिया था। 7 जुलाई को अजाक थाना प्रभारी सुश्री मोनिका मरावी, थाना प्रभारी अर्जुनी चन्द्रकांत साहू से चर्चा उपरांत पुलिस थाना अर्जुनी का घेराव एवं चक्काजाम को स्थगित कर दिया है। इसी तरह अजाक थाना प्रभारी सुश्री मोनिका मरावी से अनुसूचित जाति, जनजाति अदिवासी अत्याचार अधिनियम में प्रकरण दर्ज पर विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि मृतक परसराम पत्नी श्रीमति डोमेश्वरी ध्रुव जाति गोड़ ग्राम अटंग तहसील कुरूद जिला धमतरी के प्रकरण में सहायता राशि 8,25,000 स्वीकृत की गई। ललित नेताम पिता चेतन नेताम जाति गोड़ ग्राम जवरगांव तहसहल धमतरी को सहायता राशि 4,00,000 स्वीकृत की गई। पंकज ध्रुव पिता कुन्दन सिंह ध्रुव जाति गोड चुरियारा पारा वार्ड नं 07 ग्राम नगरी व जिला धमतरी का परीक्षण उपरांत क्षतिपूर्ति योजना 2018 अंतर्गत क्षतिपूर्ति हेतु प्रकरण जिला विधिक लोक सेवा प्राधिकरण जिला धमतरी को भेजा गया। विकास ध्रुव पिता बलराम ध्रुव बैगा पारा दानीटोला धमतरी जिला धमतरी के प्रकरण पर भी क्षतिपूर्ति हेतु जिला विधिक लोक सेवा प्राधिकरण जिला धमतरी को अविलम्ब आगामी कार्रवाई करने कहा गया।

प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा का कुकरेल में हुआ समापन, 118 यात्री हुए शामिल

# साइकिल यात्रा का कहीं पटाखे तो कहीं डीजे की धुन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला धमतरी द्वारा 5 जुलाई को मां विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ हुई साइकिल यात्रा का समापन 6 जुलाई को शाम 5 बजे कुकरेल में हुआ। समापन कार्यक्रम में पूरी साइकिल यात्रा के अनुभवों को साझा किया गया। बताया गया कि इस यात्रा के स्वागत के लिए समाजजनों में उत्साह देखने को मिला। लोग फूल वंदन के साथ इंतजार कर रहे थे। अनेक गांवों में यात्रियों को पानी, चाय, काढ़ा एवं अल्पाहार देकर उत्साह वर्धन किया गया। ग्राम मोहंदी में पटाखे फोड़कर, ग्राम लुगे में डीजे के साथ स्वागत किया गया। इस यात्रा में 118 साइकिल यात्री 34 स्थानों से धमतरी नगर एवं 4 खंडों से सम्मिलित हुए। इन यात्रियों में कालेज के प्रोफ़ेसर , व्याख्याता, कृषि विस्तार अधिकारी, मार्क फेड के कर्मचारी, पत्रकार, नगर निगम के पार्षद, राजनीतिक दल के मण्डल अध्यक्ष, समाज सेवी के साथ बड़ी संख्या में कालेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दो दिन की यात्रा धमतरी नगर निगम से प्रारंभ होकर 2 नगर पंचायत एवं 32 ग्रामों तक पहुंची। दो दिन की इस यात्रा में सभी ग्रामों सौ से अधिक पौधों का रोपण एवं वितरण का कार्य किया गया। 1000 सीड बाल, 2000 से अधिक चन्दन, कपास एवं नीम के बीजों का वितरण किया गया जागरुकता हेतु अथर्ववेद, स्कंद पुराण, दुर्गा सप्तसती शास्त्रों में उद्धृत प्रकृति की महिमा एवं नारों की तख्तियां लगायी गयी थी। यात्रा में सभी साइकिल यात्री कपड़े के थैले रखे थे जिसमें पौधे थे जो यह संदेश दे रहे थे कि पालीथिन का प्रयोग न करें। अपने साथ हमेशा एक थैला लेकर चले। ग्राम मेघा में सबसे अधिक पौधे आक्सीजोन के रूप में महानदी किनारे रोपे गये। यात्रा के दौरान लगातार पानी बरसने पर भी यात्री रेनकोट पहनकर चलते रहे।

समापन कार्यक्रम में प्रांत पर्यावरण संयोजक अक्षय अलकरी का उद्बोधन प्राप्त हुआ। मौके पर नगरी खंड संघचालक डॉ गोकुल देवांगन, जनपद सदस्य शुभम यदु, टेलेश्वर ठाकुर, जनपद सदस्य चंद्रकला साहू, मोहन साहू, महेंद्र नेताम उपस्थित थे। इस यात्रा के संचालन में आयोजक राकेश साहू, भेदू साहू एवं पीताम्बर सिन्हा का योगदान रहा।

# आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- बरसात को देखते हुए नगर निगम का नाला सफाई पर विशेष फोकस

बरसात के मौसम को देखते हुए नगर निगम द्वारा नाला सफाई कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा शहर के प्रमुख नालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सोरिद नाला, बागतराई रोड, सिहावा चौक, बाकरा नाला, दानीटोला एवं बस स्टैंड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।



अधिकारियों ने साफ तौर पर निर्देशित किया कि जहां-जहां जलभराव या नाला जाम होने की आशंका है, वहां संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पूरी सतर्कता और तत्परता से कार्य करें।

अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखना आवश्यक है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही लोगों से अपील की गई कि नालियों में कचरा न फेंके तथा नगर निगम के प्रयास में सहयोग करें। नगर निगम द्वारा निरंतर नाला सफाई, जल निकासी व्यवस्था की मॉनिटरिंग एवं सुधार हेतु विशेष दल तैनात किए गए हैं, जो किसी भी आपात स्थिति में तत्परता से कार्य करेंगे।

# भखारा में मनेगा विश्व आदिवासी दिवस

- सर्व आदिवासी समाज की बैठक में लिया गया निर्णय, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सर्व आदिवासी समाज की बैठक जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश रावटे के निर्देश पर वीर भवन रुद्री में ईश्वरी नेताम जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की अध्यक्षता में रखी गई।

इस दौरान सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को इस बार रोटेशन पद्धति में तहसील मुख्यालय भखारा में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस बार की थीम राष्ट्रीय जनगणना के मद्देनजर पृथक आदिवासी धर्म कोड की मांग को जोर-जोर से उठाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए प्रत्येक आदिवासी परिवार से 30 रूपये एवं 1 किलो चावल एकत्रित किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर आगामी बैठक भखारा तहसील मुख्यालय में 20 जुलाई को होगी। कार्यक्रम में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचेंगे। विश्व आदिवासी के जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिले भर में किसी अन्य मुड़ा, परिक्षेत्र, तहसील में अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं करने तथा किसी क्षेत्र में इस प्रकार का अन्य कार्यक्रम होता है तो संज्ञान में आने पर उस पर कार्रवाई करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया।

इस परिप्रेक्ष्य में निर्णय लिया गया कि इस दिन छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया जाए जिसका प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर जिला महासचिव उदय नेताम, अजजा शासकीय सेवक संघ जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम, भखारा तहसील सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष होमन कतलाम, शिवप्रसाद कोर्राम जिला उपाध्यक्ष सुग्रीव नेताम, तहसील सचिव विष्णु सिदार, चमेली नेताम, रमी गौतम सरपंच शंकरदाह, भूमिका कोर्राम, संतराम ध्रुव, होलाराम मंडावी, हरिराम, रोहित नेताम, नंदकिशोर नेताम, दौलत राम ध्रुव, गौतम पोटाई, कृष्णाराम मरकाम, नरेंद्र चंद्रवंशी, टीकमसिंह ध्रुव, टीकाराम कुंजाम, जितेंद्र नेताम, हर्ष मरकाम, जीवनलाल, ढालसिंह, लक्ष्मीनारायण सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विकासखंड धमतरी के ग्राम अकलाडोंगरी तथा विकासखंड नगरी के ग्राम करैहा में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में स्थानीय ग्रामीणों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 1 लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे भविष्य में इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। इस जनभागीदारी शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की पहुंच को बढ़ाना एवं जनजागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए। प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर त्रिलोक कश्यप, दयालुराम नेताम, असमोतीन ध्रुव, अशोक कश्यप, प्रधानपाठक ममता प्रजापति समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



केंवट समाज कुडेघर फुलझर कौड़ियां क्षेत्र द्वारा ग्राम हर्राटार में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों व व्यक्तियों का सम्मान, प्रोत्साहन समारोह रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारपाल पांडे संरक्षक केंवट समाज, अध्यक्षता केशव सेठ अध्यक्ष महासमुंद, विशिष्ट अतिथि पुरूषोत्तम डनसना भूतपूर्व सैनिक तोषगांव, कीर्तन सेठ उपाध्यक्ष केंवट समाज, त्रिलोचन विशि वरिष्ठ समाजसेवी थे।

सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां समलेश्वरी और प्रभु श्रीराम के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद अनामिका पांडे, सरिता महालिंग द्वारा पुरुषोत्तम डनसना द्वारा रचित कविता का पठन किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारपाल पांडे ने अपने उद्बोधन में समाज विकास से संबंधित बातें बताई। पुरुषोत्तम डनसना ने कहा कि मैं 18वर्ष तक आर्मी में सेवा देने के बाद अभी एसबीआई में कार्यरत होकर समाज सेवा दे रहा हूं। वर्तमान अध्यक्ष केशव सेठ बहुत सक्रिय जुझारू लगनशील होकर समाज को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं, हम सभी लोगों को इनका साथ देना है। अध्यक्ष केशव सेठ ने कहा कि पद प्राप्त करना आसान है, लेकिन उसे निभाना बहुत ही कठिन है।

उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि समाज विकास कार्य में सभी सहयोग करें तो समाज निश्चित ही दूसरे समाज की भांति अग्रसर होगा। समाज विकास के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में हाई स्कूल 10वीं, हायर सेकेंडरी स्कूल 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह कापी पेन देकर सम्मानित प्रोत्साहित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से आशिष सेठ रोहिना, अर्पिता सेठ तोषगांव, नंदिनी सेठ गनेकेरा, तनुजा तरिया नवागांव, प्रिंस डनसना तोषगांव, टिंकल सेठ रोहिना, राखी बढाई-बेलमुंडी, शिवम सेठ कुसमीसरार, लक्ष्मण पी डनसना तोषगांव, यामिनी सेठ देवगांव, हिना सेठ सीतापुर, नयन मांझी सरायपाली, प्रिंसी डनसना तोषगांव, गगन सेठ सुखीपाली, पायल सेठ जलगढ, दिव्या पांडे बलौदा, खिलेश्वरी सेठ कुसमीसरार, चांदनी बुढेक खटखटी, रागिनी सेठ सरायपाली, खेल कूद में प्रभात सेठ अंतरराष्ट्रीय बाल बैटमिटन खिलाड़ी और शहीद पंकज विक्रम अवार्डी रोहिना, शेखर सेठ तोरेसिंहा राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी, निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षक महासमुंद जिला पुरूषोत्तम डनसना तोषगांव को समाज के मीडिया प्रभारी सुरेश पांडे ने श्रीराम और निषाद राज गुहा छाया फोटो सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सचिव कौशिश सेठ, उसत सेठ शाखा सभापति सरायपाली, सुखदेव महालिंग शाखा सभापति, सचिव सुरेश तरीया धानापाली, अकुर सेठ शाखा सभापति, सचिव बीरेंद्र पांडे तोरेसिंहा, राजकुमार पांडे शाखा सभापति सचिव, शौकीलाल नायक बलौदा, संजय सेठ, पुरुषोत्तम डनसना, दितयवाहन मांझी का सहयोग रहा।

# श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मनाई गई जयंती




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मेरा युवा भारत महासमुंद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वावधान में 06 जुलाई रविवार को डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की 125 वी जयंती मनाई गई। यह कर्यक्रम वसुन्धरा साहू जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लीला लोकेश्वर साहू (सरपंच ग्राम पंचायत भोरिंग) ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125 वी जयंती मना रहे है।

हम उन महान भावनाओं के जीवन के आदर्श है जानकर और उनके अनुशार चलने की कोशिश कर रहे है। अध्यक्षता पूजा शास्त्री (विकास आशा सेवा संस्था, गैर सरकारी संगठन ) ने बताया कि मेरा युवा भारत महासमुंद के माध्यम से हम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक विजार विजार को प्रस्तुत करने के लिए है। विशिष्ट अतिथि पोखन ढिढी (शाला विकास समिति अध्यक्ष) रहे।

युवाओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता, राज्य गीत व देश भक्ति गीत कार्यक्रम किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम हर्ष साहू व दूसरा भूपेश कुमार साहू रहे। राज्य गीत व देश भक्ति गीत की प्रस्तुति जया विश्वकर्मा, दुर्गा साहू, झरना, चित्रलेखा धीवर व पूनम साहू, झलेंद्र साहू ने दी।

सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रतीक चिन्ह कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आभार व्यक्त डॉ सुनील भोई ने किया। मंच संचालन दिनेश कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में भेखराम साहू, डॉ सुनील भोई, डॉ तुलसी राम साहू, मुक्षय साहू, लोकनाथ साहू, स्वयं सेवक डिगेश्वर साहू, हरेंद्र साहू, सूर्यकांत, वीरू, प्रह्लाद साहू, टेमेंद्र, गौतम साहू एवं मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पुरुषोत्तमपुर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण

**बसना।** संकुल केंद्र जमदरहा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला पुरुषोत्तमपुर में एक पेड़ मां के नाम पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। स्काउट डिजेंद्र कुर्रे प्रधानपाठक गंगाधर प्रसाद द्विवेदी, रुपलता कुर्रे रसोईया ग्रामीण एवं बच्चें उपस्थित थे। एक पेड़ मां के नाम का मुख्य उद्देश्य -एक पेड़ मां के नाम का सार एक प्रतीकात्मक इशारा है- अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य एक दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। जीवन को पोषित करने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना और ग्रह के स्वास्थ्य में योगदान देना।भारत स्काउट गाइड के स्काउट मास्टर डिजेंद्र कुर्रे एवं छात्रों के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। उत्कृष्ट कार्य की सराहना जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला, बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, स्काउट संघ बसना सचिव विवेकानंद दास, नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी एवं संकुल के अन्य शिक्षकों ने की है।

### प्राथमिक शाला गढ़पटनी में बाल संसद का गठन

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में बाल संसद का गठन सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री हितेश पटेल,उप प्रधानमंत्री झानेंद भारती, खेलमंत्री मानसी, जयराज, पर्यावरण मंत्री रितेश,शिवानी, सफाई एवं स्वास्थ्य मंत्री तमन्ना, दीपांशु, पुस्तकालय प्रभारी हंसिका कैवर्त, कृतिका डड़सेना, प्रार्थना प्रभारी हितेश, प्राची मध्यान भोजन प्रभारी रामेश्वरी, ताराचंद, व्यायाम प्रभारी, भरत लाल, डिंपल। शाला नायक हितेश पटेल, शाला नायिका तनीषा नाग का गठन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पश्चात प्रधान पाठक सरविंद सिदार द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सहायक शिक्षक लगन नाग, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्या कैलाशी कैवर्त उपस्थित थे।

# सनातन और धार्मिक चेतना को विस्तार की संकल्पना में मंदिर महासंघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में रविवार का दिन एक मील का पत्थर बन गया। जिले के विभिन्न मंदिर ट्रस्टों और प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों की ऐतिहासिक बैठक श्री चंडी माता मंदिर, घुचापाली के पवित्र प्रांगण में हुई। बैठक में मंदिर महासंघ की स्थापना कर जिले के समस्त मंदिरों के ट्रस्ट और समितियों को एक साझा मंच पर लाने का संकल्प लिया गया। बैठक की शुरुआत मां चंडी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार से हुई। इस अवसर पर श्री चंडी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लालचंद जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए चंडी धाम के इतिहास और सेवाभाव की परंपरा का परिचय कराया।

बैठक के सूत्रधार और विचार प्रस्तावक डॉ. नीरज गजेंद्र ने मंदिरों के बदलते स्वरूप और सामाजिक जिम्मेदारियों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं हैं, वे सांस्कृतिक चेतना, सेवा और सामूहिक ऊर्जा के केंद्र हैं। हमें इन्हें परंपरा के साथ आधुनिकता से भी जोड़ना होगा। उन्होंने हाल ही में तिरुपति में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन में प्राप्त अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें मंदिरों को आधुनिक तकनीक, पारदर्शी प्रबंधन और सामाजिक सहभागिता के केंद्र में लाना होगा, जिससे अगली पीढ़ी को भी मंदिरों से भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव प्राप्त हो।

सिरपुर के प्राचीन गंधेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर (जिन्हें मंदिर महासंघ संयोजक मंडल का अध्यक्ष चुना गया) ने कहा कि यह मंच किसी हस्तक्षेप के लिए नहीं है। यह मंच किसी एक संगठन का नहीं है। यह मंच हम सबका है। हर ट्रस्ट, हर समिति, हर सेवक और हर श्रद्धालु का है। यह एक अवसर है,



**ऐतिहासिक पहल : मंदिरों को समन्वय, सेवा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साझा संकल्प में जोड़ने बागबाहरा के चंडी मंदिर में हुई ट्रस्टियों और प्रबंधन समितियों की बैठक**

जहां हम विचार करें कि कैसे हमारे मंदिर बेहतर संचालित हों, कैसे श्रद्धालुओं को सुविधा, सुरक्षा और शांति मिले और कैसे हम अपनी अगली पीढ़ी को मंदिरों से जोड़ें सकें।

बैठक का संचालन दानवीर शर्मा ने किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए मंदिर प्रतिनिधियों आनंद गोयल, सुवर्धन प्रधान, सेवा शंकर अग्रवाल, ईश्वर सिन्हा, राहुल श्रीवास, विजय शर्मा, हरीश देवांगन, विनोद दीवान आदि ने खुलकर अपने विचार और सुझाव रखे। सभी ने सहमति जताई कि अब समय है कि मंदिरों के संरक्षण, सुविधा विस्तार, सांस्कृतिक आयोजन, और सेवा कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जाए।

समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए श्री चंडी माता मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष नंदकिशोर चंद्राकर ने आयोजन संस्था की ओर से सभी प्रतिनिधियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तय किया गया कि महासंघ की अगली बैठक सराईपाली में आयोजित होगी, जिसमें पूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में चंद्रकांत भोई, संदीप सिन्हा, अनुभा सिंह, ज्ञानचंद, दीपक चंद्राकर, सुखीराम हिरवानी, मोहन वर्मा, अजय अग्रवाल, विष्णु सिन्हा, इंद्रजीत सलूजा, खोम सिन्हा, रोशन पटेल, पीयूष अग्रवाल, थनवार यादव, पोखराज साहू, पुरुषोत्तम ओझा, मोहित साहू, रामजी तिवारी, रमेश चंद्राकर, ऋषिकेश शुक्ला, सुरेश चंद्राकर, चोवाराम साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, सोनू चंद्राकर, घनश्याम पटेल, मूलचंद कोचर, लोकेश दीवान और खोरबाहरा साहू समेत अनेक पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### मंदिर महासंघ के अध्यक्ष बने दाऊलाल चंद्राकर

बैठक में मंदिर महासंघ की जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें गंधेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। समिति में डॉ. नीरज गजेंद्र, लालचंद जैन, दानवीर शर्मा, ईश्वर सिन्हा, आनंद गोयल, सेवा शंकर अग्रवाल, टेकलाल डड़सेना, सुरेंद्र सलूजा, गोपाल शर्मा, सुरेश चंद्राकर, तोषराम साहू, विजय शर्मा निरंजन अग्रवाल, थानसिंग, रमेश भोई सहित कई पदाधिकारी संस्थापक सदस्य बनाए गए।

## आक्रोश : यादव महासभा ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# इटावा में कथावाचकों के साथ मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के बैनर तले यादव समाज द्वारा उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दांदरपुर गांव में घटित घटना के विरोध में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिस प्रकार से कथावाचक मुकुट मनी यादव एवं संतराम यादव के साथ अमानवीय घटना को कुछ लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है, वह अत्यंत ही खेदजनक एवं निंदनीय है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। दांदरपुर की इस घटना में सिर्फ दो चार लोगों को जेल के अंदर डालने से काम नहीं चलेगा।

मीडिया से यह स्पष्ट दृष्टि गोचर हो रहा है कि उक्त घटना को अंजाम देने में उस गांव के सैकड़ों महिला पुरुष शामिल रहे हैं। योगी सरकार एवं प्रशासन को चाहिए कि



मीडिया में दृष्टि गोचर हो रहे तमाम लोगों के ऊपर एक बड़ी और कड़ी कार्रवाई कर भारत वर्ष के अंदर सभी समाजों के मध्य सामाजिक ताना, बाना एवं भाईचारा का सौहार्द पूर्ण वातावरण बरकरार रखा जा सके। आज हम सभी भारतीय इक्कीसवी सदी में जी रहे हैं। और भारत जैसे लोकतांत्रिक देश जहां सभी को संविधान सम्मत समानता का अधिकार प्राप्त है। उस राष्ट्र में आज भी इस तरीके की दकियानुसी विचारधारा के साथ लोग व्यवहार प्रदर्शन कर रहे हैं। यह अत्यन्त चिंता जनक है। आज भारत वर्ष के अंदर किसी भी प्रकार के व्यापार या व्यवसाय पर किसी समाज या जाति का एकाधिकार नहीं रह गया है। हर वह व्यक्ति जो विधि मान्य ढंग से शास्त्रों का कर्म कांड का ज्ञान रखता है, उनको व्यास पीठ पर बैठने का भी अधिकार है। इस राष्ट्र के अंदर कोई भी जाति यह नहीं कह सकता कि इस व्यवसाय या कार्य पर सिर्फ मेरी जाति के लोगों का अधिकार है। और यदि कथावाचक के यादव होने की जानकारी प्राप्त हुई तो कथा वाचक से पाठ रुकवा देना था। ब्राह्मण नहीं है और कथा वाचक बना यह कहकर उन दोनों कथा वाचकों के साथ जिस ढंग से कथित तौर पर मारपीट, मुंडन एवं मूत्र विसर्जन कर उनके मान मर्यादा का मर्दन किया गया एवं यादव समाज को नीचा दिखाने का प्रयास किया गया, यह भारतीय हिंदू समाज के लिए अत्यन्त खेदजनक है। भारत वर्ष के सभी जाति एवं वर्ण के लोगों को इस घटना को बहुत ही गंभीरता से लेते हुए दोषी लोगों के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए और निंदा किया जाना चाहिए। क्योंकि, यह अपमान केवल यादव समाज का नहीं है। अपितु भारत वर्ष के अंदर निवास रत 70 से 80 प्रतिशत की आबादी जिसमें दबे कुचले, गरीब, मजदूर, दलित और पिछड़ी जाति के लोग शामिल हैं। उन सभी का अपमान है। इस तरह के कुकृत्य भारतीय समाज में कदापि बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। समाज के अन्य संगठनों के यादव समाज के लोगों ने भी आज के ज्ञापन कार्यक्रम में भाग लेकर सहयोग प्रदान किया। विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, कार्यकारी जिला अध्यक्ष पवन यादव, जय यादव, दिनेश कुमार यादव, गणेश यादव, संजू यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, मयंक यादव, ओंकार यादव, दिव्य यादव, ऋषि यादव, अंजू कुमार यादव आदि यादव समाज के बंधुजन मौजूद थे।

# नयापारा व इमलीभाठा क्षेत्र के निचली इलाकों में भरा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ भाजपाइयों ने निरीक्षण कर सफाई अभियान के दिए निर्देश

दो दिन से मूसलाधार बारिश के चलते नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण सीता डोंडेकर, माखन पटेल, भाजपा नेता शरदराव मराठा, राजू यादव नयापारा इमली भाठा क्षेत्र के निचली बस्ती में निरीक्षण करने पंहुचे। नपा उपाध्यक्ष राठी ने बताया कि बारिश से निचले इलाकों की सड़क में पानी भरा हुआ था। वार्ड क्र.14 बुद्ध विहार के पीछे रोड पर पानी बह रहा था। वार्ड क्र. 2 गौरा गौरी इमलीभाठा में भी नाली का पानी रोड पर आ गया था। नयापारा के अटल आवास में सफाई का विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है। सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर को फोन पर निर्देश दिया गया कि जहां-जहां पानी सड़क पर आ रहा है, ऐसी जगह पर सफाई दस्ता को तत्काल भेजे तथा नालियों में फंसे कचरे को निकलवाए। नयापारा में वार्ड क्र. 4, 5, 6, 7, 11 का निरीक्षण बरस्ते पानी में ई आटो रिक्शा से किया गया। इसी तरह वार्ड क्र. 14 में बुद्ध विहार के पास मजदूर परिवार निवास करता है। पिछले बरसात में झोपड़ी पूरी गिर गयी थी। फिर अभी ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। मकान स्वामी राधा गोंड को कहा गया कि नगर पालिका में आवास निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करें। जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाया जा सकता है। बरसते पानी में लगभग चार घण्टा भ्रमण किया गया। वार्ड क्र.6 सोरिद रोड कच्ची बड़ी नाली है, इसका भी निरीक्षण किया गया। पार्षद सीता डोंडेकर से कहा गया कि पंचवर्षीय विकास योजना सीडीपी में नाली को सीसी 1 मीटर चौड़ी बनाने के लिए नगर पालिका में शीघ्र जुड़वाएं। सीसी चौड़ी नाली को बनाना अत्यंत जरूरी है।

# महासमुंद विकासखंड की क्रीड़ा बैठक हुई खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विकासखंड का क्रीडा बैठक 02 जुलाई को हुई। बैठक में महासमुंद विकासखंड में कराए जाने वाले संभाग स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन के विषय में चर्चा की गई। सत्र 2024-25 के आए व्यय का विवरण दिया गया। विभिन्न संस्थाओं में पदस्थ व्यायाम शिक्षकों के संस्था की उपलब्धि पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं आय व्यय का विवरण विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र कुमार साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक ओम प्रकाश जायसवाल, गणेश राम



कोसरे, डॉ सुनील कुमार भोई, वेदराम रात्रे, विपिन कुमार साहू, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, नीलम कुमार सिन्हा, सैयद इमरान अली, जितेंद्र चक्रधारी, वैभव मानिकपुरी, ओमप्रकाश रोहिदास, तृषा शर्मा, रीना कोठारी, राजेश्वरी ध्रुवंशी, हेमपुष्पा ध्रुव, इंद्राणी भास्कर, रामेश्वरी दीवान, सोनिया बंदे, अंजनी साहू आदि उपस्थित रहे। 4 जुलाई को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय तुमगांव में विकासखंड स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न शालाओं के लगभग 145 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय तुमगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग, शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महासमुंद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपोराडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी आदि विद्यालय के खिलाड़ी शामिल हुए। आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता पिथौरा में आयोजित है। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता आईएल साहू एवं अश्वनी कुमार धीवर मौजूद रहे। इस आयोजन में मुख्य रूप से डॉ सुनील भोई, हीरेंद्र कुमार साहू, कामता प्रसाद साहू, अंजनी साहू, सेवन दास मानिकपुरी, दोलेश होता, राजेश्वरी ध्वंशी, तृषा शर्मा, नीलम कुमार सिन्हा, वैभव मानिकपुरी, रामेश्वरी दीवान, विनय राठौर, जितेन ठाकुर, विपिन साहू आदि व्यायाम शिक्षक प्रभारी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में खड़गे की सभा में शामिल हुए एक हजार से अधिक कार्यकर्ता

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में महासमुद विधानसभा से आज 10 बसों सहित 150 गाड़ियों में 1000 से अधिक कार्यकर्ता रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के किसान जवान संविधान सभा में शामिल हुए। भारी बारिश के बीच भी कांग्रेस जनों का उत्साह कम नहीं हुआ। सभा में शामिल होने रायपुर प्रस्थान के दौरान पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि सभा में जाने से हमें बारिश भी नहीं रोक सकी। भाजपा के कुशासन से आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान हैं। आदिवासियों से उनकी जमीनें छीनी जा रही है। देवभूमि के जंगलों को काटा जा रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा, रोजगार के अवसर खत्म किए जा रहे, शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने शासकीय स्कूलों को बंद किया जा रहा। शिक्षकों के पद खत्म किए जा रहे हैं। जल, जंगल, जमीन को उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है। संविधान का बार-बार अपमान किया जा रहा है। इन सभी बातों को लेकर आज राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का रायपुर आगमन हुआ। जहां महासमुंद के 1000 से अधिक



कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश के लाखों छत्तीसगढ़िया शामिल हुए। और आने वाले समय में प्रदेश में बदलाव का संकल्प लिया। चंद्राकर के नेतृत्व में महासमुंद शहर सहित झलप, पटेवा, धनसुली, जलकी, नरतोरा, नायकबांधा, खैरा, खरोरा, नंदगांव, अमावश, अमलोर, खट्टी, अछरीडीह, खट्टीडीह, झालखम्हरिया, अछोला, बम्हनी, बरोंडाबाजार, बांसकुड़ा, बावनकेरा, गढ़सिवनी, लंहगर, लभराखुर्द, लभरा कला, बडगांव, बोड़रीदादर, खरोरा, बेमचा, घोडारी, बेलसोंडा, चिंगरौद, कांपा, परसकोल, कोसरंगी, लाफिनकला, कौवाझर, कोलपदर, कछारडीह, चुहरी, छपोराडीह, बोरिद, केशवा, मोहकम, कनेकेरा, मरौद, मोरधा, मानपुर, मचेवा, खड़सा, पीढी, मालीडीह, बेलटुकरी, खैरझिटी, मुड़मार, बिरकोनी, कांपा, खट्टीडीह, सिरपुर, मुस्की, सिनोधा, मुनगासेर, छिलपावन, जोबाकला, भुरका, जोरातराई, भटगांव, सरेकेल, भलेसर, तेलीबांधा, परसदा ख, फरफौद, पासीद, रूमेकेल, पचरी, रामखेडा, रायतुम, बंबूरडीह, साराडीह, जोगीडीपा, सोरिद, सिनोधा, तमोरा, परसदा ब, तुमगांव, बकमा, तेन्दूवाही, मुरकी, जोबा, मोरधा, पतरापाली, मोंगरा, उमरदा, मुड़मार, बोरियाझर आदि ग्रामों के लोग शामिल हुए।

# बानीगिरोला स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानीगिरोला शाला परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक रूप से किया गया।

वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला कोसरिया (सदस्य राज्य महिला आयोग) अध्यक्षता ओमप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि सावित्री भुनेश्वर दास,अनंतराम पटेल (अध्यक्ष सोसायटी), शिवचरण पटेल (जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि), तारेश्वरी नायक (उपाध्यक्ष स्थानीय संघ ), सीता पटेल (उपाध्यक्ष स्थानीय संघ), पुष्पलता चौहान (उपाध्यक्ष स्थानीय संघ), अजय कुमार अग्रवाल (उपाध्यक्ष,स्थानीय संघ), धर्मेंद्र सिंह ठाकुर आजीवन सदस्य, मंजू धनानिया आजीवन सदस्य, प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल (पूर्व साधारण सदस्य प्रतिनिधि), प्राचार्य शाउमावि बानीगिरोला भोगसिंह भोई, शैलेन्द्र कुमार नायक (जिला कोषाध्यक्ष), सीएसी द्वय पालसिंह बंजारे एवं राजेश पटेल रहे।

अतिथियों का स्वागत मुख्य द्वार से विद्यार्थियों द्वारा कतारबद्ध खड़े होकर क्लैपिंग करते हुए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक लार्ड एवं लेडी बेडेन पॉवेल के तैल्य छायाचित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का क्रमशः स्वागत स्काउटिंग परंपरा अनुसार स्कार्फ पहनाकर किया गया।



स्वागत भाषण बीईओ एवं सहायक जिला आयुक्त (स्का.) प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा दिया गया तथा मुख्य अतिथि सरला कोसरिया द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। ततपश्चात शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधों के संवर्धन के लिए गड्ढे खुदाई के साथ साथ काली कफ मिट्टी की व्यवस्था की गई। एक पेड़ मां के नाम के तहत मुख्य अतिथि सरला कोसरिया द्वारा कदंब के पौधे का रोपण किया गया।

मुख्य अतिथि सरला कोसरिया ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बताया कि जिस तरह से एक माँ अपने बच्चों को अंतिम क्षणों तक सर्वस्व न्यौछावर कर देती है ठीक उसी तरह एक पेड़ भी हमको जीवन पर्यंत तक निःस्वार्थ भाव से फल, फूल, छांव, आक्सीजन से लेकर उसके अंतिम क्षण में भी हमें लकड़ी दे जाती है। इसलिए कहा गया है - एक पेड़ दस पुत्र के समान पुण्यदायी है। पेड़ की कमी के कारण आज जिस तरह ऋतु चक्र में परिवर्तन हुआ है यह हम सबके लिए चिंता का विषय है। आज ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बहुत ज्यादा गर्मी,तो बिना मौसम बारिश,तो कहीं सूखा,तो कहीं बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हुई है। इसलिए हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने पूर्वजों,अपने माता - पिता की स्मृति और अपने जन्मदिन और विवाह दिन पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए साथ ही अपने इष्ट मित्रों ,सगे संबंधितों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन देना चाहिए। इस महाभियान में संकल्पित भाव से सभी ने ‘एक पेड़ मां के नाम’ के तहत शाला परिसर में पौधरोपण किया और इसके संरक्षण-संवर्धन की जिम्मेदारी ली। वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्युष टाण्डेय के विशेष सहयोग से रोपणी केन्द्र सिंघोड़ा से छायादार, फलदार पौधे प्राप्त हुआ, जिसे प्राचार्य भोगसिंह भोई की अगुवाई में क्लीन, ग्रीन, ईको फ्रेंडली विद्यालय के लिए बानीगिरोला स्कूल परिसर में अतिथियों एवं स्थानीय संघ पदाधिकारियों, ग्रामीणों, स्कूल के शिक्षकों, विद्यार्थियों सहित सभी ने उत्साह से पौधरोपण किया। स्कूली विद्यार्थियों ने ‘एक पेड़ मां के नाम’ की संदेश देते हुए सुंदर आकर्षक रंगोली बनाकर सबको हर्षित किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील झलप, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

प्र.क्र. 20240712300046/ अ-6-अ/ वर्ष 2024/25

ग्राम पण्डरीपानी प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. झलप

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी पण्डरीपानी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि हेमुलाल पिता घनाराम जाति गाडा निवासी ग्राम पचरी तहसील व जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पण्डरीपानी प.ह.नं. 24, तहसील व जिला महासमुन्द स्थित कोटवारी भूमि खसरा नं. 261/1 रकबा 3.77 हेक्टे. समस्त राजस्व रिकार्डों में आवेदक के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि का ऑनलाईन प्रविष्टि किया गया, जिसमें त्रुटिवश रकबा को कम कर दिया गया है व धारणाधिकार में शासकीय भूमि दर्ज कर दिया है जिसके सुधार किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115, 89 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर, दावा/आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10/07/2025 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर उजर, दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधी पश्चात दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील झलप**

## खबर संक्षेप



### शराब बेच रही बुजुर्ग महिला के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की बिक्री कर रही बुजुर्ग महिला के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिसने बताया कि सूचना मिली थी कि तुमगांव के अंबेडकर चौक के पास रोड किनारे एक महला ठगिया बाई यादव पति राजाराम यादव (61 वर्ष) अंबेडकर चौक तुमगांव के कब्जे से 18 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए एवं 2.8 नग पौवा देशी मसाला शराब कीमत 960 रुपए कुल कीमत 2760 रुपए और बिक्री रकम 300 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(1)(क)(ख) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।



### बाहुड़ा यात्रा का किया स्वागत

**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा चौक में भगवान जगन्नाथ के बाहुड़ा यात्रा का स्वागत नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता शरद राव मराठा, महेंद्र सिक्का, राजू यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना की। भगवान नौ दिन उपरांत मंदिर में वापस लौट कर विराजित हुए।

## निधन

### महादेव प्रसाद श्रीवास्तव

**महासमुंद।** स्थानीय पुराना सिविल लाइन निवासी महादेव प्रसाद श्रीवास्तव (87) सेवानिवृत प्रधान पाठक का सोमवार शाम निधन हो गया। वे कुमारेश, नितेश व मनीष श्रीवास्तव के पिता थे। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### चर्चा : आयोजन को लेकर बागबाहरा में हुई आदिवासी समाज की तैयारी बैठक

# बागबाहरा के मंडी प्रांगण में आयोजित होगा विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव : भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



संयुक्त राष्ट्र संघ यूएनओ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को पूरे वैश्विक स्तर पर आदिवासियों के हक, अधिकार, परंपरा संस्कृति जल-जंगल और जमीन व संवैधानिक अधिकार को संरक्षित करने तथा समाज में जागरुकता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश से लेकर जिला/ब्लॉक एवं ग्रामीण अंचलों में बड़े धूमधाम से छोटे-छोटे व बड़े आयोजन कर पारंपरिक वेषभूषा में सुसज्जित समाज जन एकजुट होकर एकता, अखंडता और समानता को प्रदर्शित करते हुए एक मंच पर समाज की प्रगति, विकास और उत्थान पर विचार संगोष्ठी के साथ-साथ आयोजन में सम्मिलित समाजजनों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक वेषभूषा में नर्तक दलों के द्वारा नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन, गायन आदि का कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो अपने आप में एक अलग वातावरण स्थापित करते हैं।

इसी तारतम्य में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाने को लेकर महासमुंद जिले में प्रायोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ब्लॉक मुख्यालय बागबाहरा के विश्राम गृह में 6 जुलाई रविवार को जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज व उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व तथा बैठक प्रभारी राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष सुअरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 02 व मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव के संयोजन में सर्व आदिवासी समाज (रूढ़िजन्य परंपरा पर आधारित) जिला महासमुंद के जिला इकाई कार्यसमिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई।

जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक में उपस्थित सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखजनों द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव किया गया कि पूर्व के भांति इस वर्ष भी सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद (रूढ़िजन्य परम्परा पर आधारित) के तत्वावधान में 09 अगस्त को ही बागबाहरा के मंडी प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने में अपनी सहमति जताई गई। ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए आगामी बैठक में सर्व सम्मति से विचार विमर्श कर सुनियोजित तरीके से कार्य योजना की तैयारी की जाएगी। वहीं जारी विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने कहा कि अभी से ही क्षेत्र के युवाओं में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाए जाने को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहे हैं तथा सोशल मीडिया में काफी सक्रियता नजर आ रही है। इसी प्रकार से अन्य सामाजिक गतिविधियों व सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने में प्रयास होना आवश्यक है। ताकि, समाज की रीति - नीति, संस्कार, परंपरा संस्कृति के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक विषयों की जानकारी के साथ अपना भविष्य निर्माण कर सकें। पिछले कुछ समय से युवा पीढ़ी में समाज के प्रति लगाव और जागरूकता में काफी बढ़ोतरी हुई है।

बागबाहरा के मंडी प्रांगण में प्रायोजित जिलास्तरीय विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने में सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखजनों ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग व समर्थन करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में सहभागी बनने की पूर्ण सहमति प्रदान की गई। आयोजन की समीक्षा के लिए आहूत बैठक में जिला कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मंडल के समाज प्रमुख एवं समस्त पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्तागणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस अवसर पर बैठक प्रभारी राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ सुअरमाल परिक्षेत्र क्र.02, जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव, बलराम ध्रुव जनपद सदस्य बागबाहरा व अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र खल्लारी द , जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ महिला प्रभाग मति डेजीरानी नेताम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा भूमिका ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री ध्रुव, पुष्पेंद्र ध्रुव शिक्षक व मुख्य सचिव गोंडवाना गोंड महासभा जिला महासमुंद, जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग हेमसागर बिंझवार, जिलाध्यक्ष खड़िया समाज पंचूराम खड़िया, जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभाग संतोष कुमार खड़िया, ब्लाक अध्यक्ष बागबाहरा पुरन सबर, उदयभानु ध्रुव ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद, संरक्षक युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव, मीडिया प्रभारी युवा प्रभाग हितेश्वर मरई, सामाजिक कार्यकर्ता टोपेश ध्रुव, दानवीर ध्रुव, टीकम सिंह नेताम, गुलशन ध्रुव, हरिराम खंडिया, राजकुमार खंडिया, समाज सेवक भेखराम ध्रुव, गैंदलाल दीवान, रमन बरिहा सहित सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे।

# होली फेथ स्कूल के बच्चों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल के बच्चों ने अध्यक्ष महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। और वहां अपना काफी समय व्यतीत किया। बच्चों के लिए यह कार्यक्रम बुजुर्गों के प्रति संवेदना के भाव को लेकर था। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल कायम की। साथ ही भावनात्मक एवं प्रेरणादायी सेवा कार्य किया। बच्चे जब वृद्धाश्रम पहुंचे तो बुजुर्गों की आंखों में एक दर्द साफ दिखाई दे रहा था। बच्चों ने थोड़ी-थोड़ी राशि मिलाकर उनके लिए कुछ खाने की व्यवस्था एवं घर के साफ सुथरे कपड़े उन्हें प्रदान किया। इस स्नेहपूर्ण भेंट पाकर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की आंखें नम हो गई।

शिक्षिका वसुंधरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल के कई बच्चे अपने ही माता-पिता या दादा-दादी को अकेला छोड़ देते हैं। जबकि, हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि बुजुर्गों का सम्मान और देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरवरी पींचा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में सामाजिक मूल्य और नैतिकता की नींव मजबूत करती है। आश्रम प्रबंधक ने विद्यालय परिवार का विशेषकर जयेश और वसुंधरा का आभार व्यक्त किया।

# नवागांव स्कूल में बाल कैबिनेट का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में सत्र 2025-26 के लिए प्रभारी प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बाल संसद के विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों का चयन करने में शिक्षक अमर साहू ने अहम भूमिका निभाई एवं आपसी सहमति से पदाधिकारीयों का चयन किया गया।

बाल संसद के प्रधानमंत्री पद पर कक्षा आठवीं से गौरव निर्मलकर का चयन किया गया। उप प्रधानमंत्री पद पर रागनी ढीढी, रश्मि सिन्हा शिक्षा एवं पुस्तकालय रुक्मणी जांगड़े, ईशु निर्मलकर खाद्य एवं भोजन मंत्री रागिनी, त्रिवेणी, रोशनी यादव खेलमंत्री किशन बरिहा, मानसी जांगड़े सांस्कृतिक मंत्री कोमल एवं रागिनी सिन्हा, कृषि एवं बागवानी मुकेश यादव, हितेश सिन्हा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री कमलेश ध्रुव, कुणाल दीवान जल संसाधन मंत्री नागेश ध्रुव, डिगेश्वर यादव तथा इको क्लब प्रभारी में सिमरन एवं सुमन खैरवार निर्वाचित हुए। कक्षा में कप्तान एवं उप कप्तान के रूप में कक्षा आठवीं से रागिनी ढीढी पुलकित निषाद, कक्षा सातवीं से पूनम निषाद रुद्र प्रताप यादव, कक्षा छठवीं से सागर ध्रुव टिकेश्वरी यादव का चयन किया गया। पदाधिकारी को शाला में उनके कार्य एवं कर्तव्यों के लिए शपथ साल के वरिष्ठ शिक्षक बिहेंद्र साहू ने दिलाई। संस्था के शिक्षिका किरण दीवान ने विद्यार्थियों को विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया है।

# तीन दिन में शिक्षक व्यवस्था पर कार्रवाई नहीं तो पालक करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बृजराज उच्च प्राथमिक शाला के पालक समिति की बैठक हुई। जिसमें पालकों में शाला के शिक्षा गुणवत्ता, अध्यापन एवं उपस्थिति नियमित करने पर चर्चा हुई। शिक्षा गुणवत्ता की चर्चा में यह बात भी सामने आई कि शाला में गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक नही है। छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग रायपुर आदेश के परिपालन में शासकीय बृजराज पूर्व माध्यमिक शाला महासमुंद अंग्रेजी माध्यम से संचालित है।

इस शाला में सीबीएससी पाठ्यक्रम संचालित है। अंग्रेजी माध्यम के अध्यापन के लिए अन्य शाला से अंग्रेजी मीडियम के शिक्षक को कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद के आदेश के तहत इस शाला में व्यवस्था किया गया था, जो सत्र 2024-25 तक अध्यापन करा रहीं थी। वर्तमान शासन के आदेशानुसार संलग्नीकारण/अध्यापन व्यवस्था को समाप्त किया गया है। आदेशानुसार इन दो शिक्षक को भी अपने मूल शाला वापस कर दिया गया है।



वर्तमान में इस शाला में कक्षा 6वीं से 8वीं तक कुल 129 छात्र दर्ज है तथा तीन शिक्षक में केवल एक शिक्षक ही अंग्रेजी माध्यम विज्ञान विषय के लिए पदस्थ है। शेष दो में से एक अध्यापन कार्य के साथ प्रधानपाठक के प्रभार में है। गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक नही होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए गणित एवं अंग्रेजी अध्यापन के लिए अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक की अत्यंत आवश्यकता है। जिससे बच्चों का अहित न हो और अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चल सके। यह शाला 2018 अर्थात वितगत 7 वर्षों से अंग्रेजी माध्यम से संचालित है। लेकिन, आज तक यहां सभी विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक की स्थाई व्यवस्था नही हो पाना शासन प्रशासन का इस शाला के प्रति उपेक्षा और उदासीनता को दर्शाता है।

इस संबंध में दिग्विजय साहू अध्यक्ष ग्रामीण मंडल भाजपा महासमंद द्वारा कलेक्टर, विधायक, प्रभारी मंत्री सहित उपमुख्यमंत्री एवं शाला प्रधान पाठक द्वारा डीईओ को जून में आवेदन दिया गया था। लेकिन, आजपर्यंत इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। तीन दिवस के अंदर इस विषय पर कोई कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में शाला प्रबंधन समिति उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। बैठक में पालक अध्यक्ष दिग्विजय साहू के साथ धनेश साहू, संजय शर्मा, अजय गिरि गोस्वामी, चोवाराम सिन्हा, एकता तिवारी, चांदनी शुक्ला, नम्रता नामदेव, ऋचा पटेल, रंजिता डडसेना, देवशरण साहू के साथ बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

# ओबीसी समाज के कथाकारों के साथ हो रही जातिगत अपमान पर सर्व समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया सर्व समाज की बैठक

- बैठक में युक्तियुक्तकरण, स्वीकृत सामाजिक राशि को जारी करने, ज्ञापन सौंपने के साथ संगठन के

जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा की अध्यक्षता और समाज प्रमुखों की उपस्थिति मरार समाज के सामाजिक भवन में रखा गया। जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित किया गया। जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल पूर्ण होने के कारण कार्यकारिणी का चुनाव प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति के आधार पर 26 जुलाई को कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के अंतर्गत आने वाली सभी एससी, एसटी व ओबीसी समाज के जिलाध्यक्षों व समाजजनों को आमंत्रित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के भागवत कथाकार यामिनी साहू एवं मध्यप्रदेश के



देविका पटेल के बाद उत्तरप्रदेश के इटावा में कथावाचक मूलमणि यादव को उनके जाति के आधार पर विरोध कर एक के बाद एक ओबीसी समाज के कथाकारों का अपमानित किया। इस प्रकार ओबीसी समाज के धार्मिक कथाकारों का विरोध देश में एक वर्ग विशेष लोगों द्वारा किया जाना सामाजिक समानता धार्मिक कर्मकांड की स्वतंत्रता के अधिकारों के खिलाफ है। संगठन द्वारा ऐसे जातिगत भेद-भाव करने वालों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग शासन प्रशासन से की गई है। वहीं जिला के अलग-अलग समाज को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सामाजिक भवन व अन्य कार्यों के लिए राशि स्वीकृत किया गया था, जिससे वर्तमान सरकार द्वारा निरस्त कर रोक दी गई है। चूंकि, यह सभी समाज के हितों से जुड़ी मामले हैं, जिससे यथावत रखकर राशि जारी करने की मांग व शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने के बावजूद उसे संविदा में रखने की व्यवस्था खत्म कर नई नियुक्ति करने तथा महासमुंद में लॉ कालेज की शुरुआत करने के साथ ही छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों में एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के छात्रों की फीस सरकार द्वारा अन्य राज्य सरकारों की तरह वहन करने की मांग शामिल हैं। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल, प्रदेश पदाधिकारी कमलेश ध्रुव, संरक्षकगण नीरज गजेंद्र, राजू यादव, ढेलू निषाद, मुन्ना साहू, महामंत्री रेखराज बघेल, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मीना वर्मा, रामशरण चंद्राकर, डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद, राजेश रात्रे, हीरा सिंह नेताम उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार की जिला स्तरीय बैठक में बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांतिकुंज हरिद्वार में जून माह में आयोजित प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णयों के परिपालन में सुपर 100 युवा अभियान के अंतर्गत जिले की एक आवश्यक बैठक गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज परिवर्तन हेतु गायत्री परिवार द्वारा संचालित 11 प्रमुख आंदोलनों पर विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन 2026 (माता की जन्म शताब्दी) के पूर्व समाज के नवनिर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करना रहा। इसके अंतर्गत जिला स्तर पर अनेक आंदोलन प्रमुखों की नियुक्ति की गई। युवा जोड़ो अभियान प्रभारी वेदराम साहू (पिथौरा), युवा संगोष्ठियां, शिविरों का आयोजन एवं नए युवा मंडलों का निर्माण, व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन अभियान प्रभारी ज्योति कुमार ठेठवार (सरायपाली), विद्यालयों में उद्बोधन, रैलियां, प्रशिक्षण, एवं व्यसन मुक्ति सेमिनार। वृक्ष गंगा अभियान प्रभारी रामाधीन यादव (खल्लारी), 105 पौधों का रोपण, तरु पुत्र/तरु मित्र योजना, गोष्ठियाँ, एवं माता की बाड़ी का विकास, भागीरथी गंगा अभियान, नदी-तालाब शुद्धिकरण एवं सफाई अभियान, आदर्श ग्राम योजना प्रभारी भारत साहू (महासमुंद), दो ग्रामों का चयन कर उन्हें आदर्श ग्राम बनाना एवं ग्राम तीर्थ योजना का क्रियान्वयन, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी प्रभारी महेश्वरी यादव (खल्लारी), पुंसवन संस्कार, कार्यशालाएं, बाल संस्कार शाला, 25 नई संस्कारशालाओं का संचालन, कन्या कौशल व किशोर कौशल शिविर, परिजनों द्वारा एक विद्यालय को गोद लेने की योजना, साधना आंदोलन प्रभारी नरेश साहू (महासमुंद), स्थानों पर सामूहिक साधना, सवा लाख मंत्र अनुष्ठान एवं 1000 मंत्र लेखन, साहित्य एवं स्वाध्याय आंदोलन प्रभारी भगवती साहू, झोला पुस्तकालय, ज्ञानरथ, वाचनालय, साहित्य प्रचार व विचार क्रांति अभियान, स्वास्थ्य आंदोलन प्रभारी राकेश साहू (बागबाहरा), योग शिविर, औषधीय पौधों का उत्पादन, स्वास्थ्य वाटिका का निर्माण, स्वावलंबन आंदोलन प्रभारी लिंगराज साहू (बसना), रोजगार हेतु 5 स्थानों पर शिविरों का आयोजन, गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ एवं उपासनाः 1000 घरों में, समूह साधनाः प्रत्येक ब्लॉक के प्रज्ञा मंडल/पीठ में, अखंड ज्योति पत्रिका एवं युग निर्माण योजना का विस्तार, 40 दिवसीय लघु अनुष्ठान एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण, नशा मुक्ति रैलियों का आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रतिनिधि भारत साहू, नरेश साहू (जिला संयोजक), रामाधीन यादव, ओम कुमार, पिथोरा से तुकाराम पटेल, पीआर वर्मा, वेदराम साहू, ठाकुर, नायक, सरायपाली से ज्योति ठेठवार, मंगला यादव, मालिकराम पटेल, प्रदीप पटेल, देवराज प्रधान सहित अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित थे।

# देश की एकता के लिए समर्पित रहा प्रखर राष्ट्रवादी डॉ मुखर्जी का जीवन : ऐतराम

## भाजपा शहर मंडल द्वारा मनाई गई डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती, टाऊनहाल स्थित प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, अखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार टाउनहाल में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 6 जुलाई को भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाई गयी। भाजपा शहर मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने डॉ श्यामाप्रसाद को अखंड और अटूट भारत निर्माण का प्रणेता बताते हुए कहा कि मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान का पूरा राष्ट्र ऋणी रहेगा। देश में एकता के साथ एक समान संविधान लागू करवाने मुखर्जी सदैव संघर्ष करते रहे और देशहित में अपना सर्वस्व बलिदान किया।



कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को प्रखर विद्वान,शिक्षाविद और राष्ट्रवादी चिंतक बताते हुए कहा कि भारत देश की स्वतंत्रता के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सरकार के समय देश में कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम के साथ दो विधान, दो निशान और दो प्रधान का मुखर्जी ने पुरजोर विरोध करते हुए स्वयं कश्मीर प्रवेश किये और उनको गिरफ्तार किया, जहां जेल में उनकी रहस्यमय मृत्यु हुई। पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने श्यामाप्रसाद के योगदान को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में नेहरू मंत्रीमंडल में गैरकांग्रेसी मंत्री रहते हुए भी उन्होंने अपने सिद्धांतों और राष्ट्रीय हित के मुद्दों से हटकर सरकार की नीतियों से कभी समझौता नही किया। नेहरू और गांधी की तुष्टिकरण के नीतियों का मुखर्जी हमेशा विरोध करते रहे। एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्नद्रष्टा श्यामाप्रसाद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवी चंदराठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, रमेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, भाजपा पदाधिकारी मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, महामंत्री यह अग्रज शर्मा, एम आर विश्वनाथन, आनंद साहू, महेंद्र जैन, राहुल चंद्राकर, ऋषभ बाफना, हिमांशु चंद्राकर, नंदू जलछत्री, भगवती करकेसे, पांडुरंग मदनकर, शरद राव, महेश चौहान, रमेश पटवा, गोपी कनौजे, महेंद्र सिक्का, लिलेश साहू आदि उपस्थित रहे।

